पत्र संख्या–आई0टी0–मानव सम्पदा (2022–23)/ 257 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0–अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 17 मई, 2022

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
एडीशनल डायरेक्टर (प्रशिक्षण)
प्रशिक्षण संस्थान गोमती नगर, लखनऊ।

आप अवगत हैं कि आपके अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर विभाग में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा फीड कराकर सत्यापित कराये जाने का कार्य त्वरित गति से किया गया है। शासन द्वारा समय–समय पर बैठकें आयोजित कर इस कार्य के प्रगति की समीक्षा भी की जाती है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा सम्बंधी फीड कराये गये विवरण का सत्यापन एवं अवशेष विवरण फीड कराने के निर्देश दिये गये हैं।

कृपया वाणिज्य कर मुख्यालय के पत्र संख्या–स्था0 राजत्रित–मानव सम्पदा (2021–22)/ 3105 / वाणिज्य कर दिनांक 04.01.2022 द्वारा आपको अपने अधीनस्थ तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर दिनांक 13.01.2022 तक प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत फीड कराकर सत्यापित करवाने के साथ–साथ जो अधिकारी/कर्मचारी आपके अधीनस्थ कार्यालयों में स्थानान्तरित होकर आयें हैं, उनका डाटा भी मानव सम्पदा पोर्टल पर दिनांक 13.01.2022 तक अद्यावधिक कराने के निर्देश दिये गये थे । परन्तु मानव सम्पदा पोर्टल की रिर्पोट के दृष्टिगत उक्त निर्देशों का अनुपालन शतप्रतिशत नही किया गया है ।

अतः आप अपने अधीनस्थ तैनात समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर दिनांक 30.05.2022 तक शतप्रतिशत फीड कराकर सत्यापित करवाने के साथ–साथ जोन/सम्भाग में तैनात समस्त अधिकारियों की Posting Details शतप्रतिशत अद्यावधिक कराना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

13/05/2022

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

<u>**पृ0पत्र संख्या व दिनांक उक्तः**</u>

प्रतिलिपि– ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना राजपत्रित) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(प्रकाश यादव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।